एक नजर में

श्री खाटू श्याम जन्मोत्सव पर भजन संध्या 13 को

गुना। श्री श्याम लखदातार मित्र मण्डल गुना के तत्वाधान में 13 नवंबर को श्री खाटू श्याम जन्मोत्सव के अवसर पर भजन संध्या का कार्यक्रम रखा गया है। उक्त आयोजन शाम 6 बजे से प्रभु इच्छा तक लक्ष्मीगंज गुना रखा गया हैजिसमें खाटू श्याम के नाम भजनों की अमृत वर्षा में श्याम भक्त गोते लगाएंगे। आयोजक करने वाला श्याम और कराने वाला श्याम के चतुर्थ वर्ष में श्री खाटू श्याम जी का आकर्षक और आलौकिक श्रंगार के साथ दिव्य दरबार सजाया जाएगा। श्री खाटू श्याम जन्मोत्सव में 13 नवंबर को आयोजित होने वाले एक शाम खाटू वाले के नाम कार्यक्रम में भजन सम्राट आयुष सोमानी जयपुर, जयकुमार प्रजापति गुना और सांवरा म्यूजिक ग्रुप शिवपुरी के अभिषेक झा द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम श्री श्याम लखदातार मित्र मण्डल गुना के द्वारा विधि विधान से मंत्रोच्चारण के साथ पूजन कर कार्यक्रम में बाबा खाटू श्याम का भव्य दरबार सजेगा, अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा।

कलेक्टर ने दी 10 हजार की आर्थिक सहायता

गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा आवेदक मनोज ओझा निवासी सोनी कॉलोनी, गुना द्वारा प्रस्तुत आवेदन में बताया गया कि उनकी रीढ़ की हड्डी टूट गई थी तथा सिर में गंभीर चोटें आई थीं। जिसका उपचार सुधा हॉस्पिटल, कोटा में कराया गया, जिसमें काफी रूपये का खर्च आया। आवेदक ने उपचार हेतु दूसरों से कर्ज लेकर इलाज कराया था, किन्तु आर्थिक स्थिति कमजोर होने से वह ऋण चुकाने में असमर्थ थे। कलेक्टर ने संवेदनशीलता दिखाते हुए रेडक्रॉस सोसायटी गुना से 10 हजार रू. की सहायता स्वीकृत कर आवेदक को चेक प्रदान किया।

बमोरी ब्लॉक की शिक्षा व्यवस्था चरमराई, छिकारी में शिक्षक नदारद

जिम्मेदारों का वही पुराना अंदाज, जांच और कार्रवाई की बात तक सीमित प्रशासन

नवभारत न्यूज

गुना 11 नव. का। जिले के बमोरी ब्लॉक की शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। सरकारी स्कूलों में शिक्षक अनुपस्थित हैं, छात्रों की उपस्थिति नगण्य है और भवनों की स्थिति बदतर। यह हाल उस शिक्षा तंत्र का है, जो कागजों में तो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का दावा करता है, लेकिन ज़मीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है।

मंगलवार दोपहर करीब 3:30 बजे नवभारत टीम ने फतेहगढ़ जनशिक्षा केंद्र के अंतर्गत आने वाले छिकारी एकीकृत विद्यालय, कर्राखेड़ा प्राथमिक विद्यालय और कुम्हारी माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया, जहां शिक्षा की स्थिति बेहद निराशाजनक पाई गई।

छिकारी में शिक्षक गायब, छात्र संख्या घटकर रह गई 27 पर

छिकारी एकीकृत विद्यालय में 6 शिक्षक पदस्थ हैं और छात्र संख्या

158 दर्ज है, लेकिन मौके पर केवल 3 शिक्षक ही मिले।

स्कूल के प्राचार्य पुरुषोत्तम राठौर और शिक्षिका सपना किरार स्कूल से अनुपस्थित थीं। अतिथि शिक्षक अनुराग धाकड़ ने बताया कि मैडम को किसी काम से बाहर जाना था, इसलिए वे जल्दी चली गईं। वहीं प्राचार्य की अनुपस्थिति पर स्टाफ कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि 158 छात्रों में से मात्र 27 ही स्कूल में उपस्थित थे।

कर्राखेड़ा में भवन का अभाव, दो कमरों में पढ़ते पांच क्लास

कर्राखेड़ा प्राथमिक विद्यालय में तीन शिक्षक पदस्थ हैं और सभी उपस्थित भी मिले, लेकिन विद्यालय की स्थिति यहां भी बेहद खराब रही। पांच कक्षाओं को महज दो कमरों में संचालित किया जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों को पढ़ाई में कठिनाई हो रही है। दर्ज छात्र संख्या और वास्तविक उपस्थिति में बड़ा अंतर देखने को मिला।

आदिवासी क्षेत्र के बच्चों के भविष्य से खिलवाड़

बमोरी ब्लॉक के ये सभी विद्यालय आदिवासी बहुल इलाकों में आते हैं। विगत में बिलखेड़ा, फतेहगढ़, कपासी, डीगडोली और झिरी जैसे स्कूलों में भी इसी तरह की अनियमितताएं उजागर हो चुकी हैं, लेकिन शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी अब तक केवल औपचारिक जांच और कार्रवाई की बात कहकर मामले को टालते आ रहे हैं। ग्रामीणों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा विभाग की लापरवाही का खामियाजा मासूम बच्चों को भुगतना पड़ रहा है। जब अधिकारी ही मौके पर नहीं पहुंचते, तो सुधार की उम्मीद करना बेमानी है। अब जरूरत इस बात की है कि विभाग औपचारिकता से आगे बढ?र इन विद्यालयों की जमीनी हकीकत को सुधारे, वरना बमोरी के बच्चों का भविष्य अंधकार में डूबता जाएगा।

इनका है

इस संबंध में मुझे आपसे जानकारी मिली है। आप जानकारी मुझे व्हाट्सएप कर दीजिए। मैं जिला शिक्षा अधिकारी से संबंध में जांच कराकर सख्त कार्रवाई करूंगा।

किशोर कन्याल,कलेक्टर

कुम्हारी शिक्षकहीन, अतिथि शिक्षक चला रहे स्कूल

कुम्हारी माध्यमिक विद्यालय की स्थिति तो सबसे गंभीर है। यहां पिछले दो वर्षों से कोई स्थायी शिक्षक पदस्थ ही नहीं है। स्कूल पूरी तरह अतिथि शिक्षकों के भरोसे चल रहा है। निरीक्षण के दौरान स्कूल में केवल 25 छात्र मिले, जिन्हें एक ही कमरे में बैठाकर पढ़ाया जा रहा था। स्कूल में न तो पीने के पानी की सुविधा है और न ही शौचालय की व्यवस्था।

स्वदेशी जागरण मंच ने मनाई राष्ट्रीय ऋषि श्रद्धेय दत्तोपंत ठेंगड़ी जी की जन्म जयंती

गुना। स्वदेशी जागरण मंच, भारतीय मजदूर संघ, भारतीय किसान संघ के शिल्पकार दत्तोपंत ठेंगड़ी की जन्म जयंती पर स्वदेशी जागरण मंच द्वारा निजी स्कूल में मनाई गई। साथ ही उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को अपने जीवन में इन ऋषियों से प्रेरणा लेकर समाज हित में कार्य करना चाहिए। स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत सह प्रचार प्रमुख प्रमोद दुबे ने श्रद्धेय दत्तोपंत ठेंगड़ी की जीवनी पर प्रकाश डाला एवं स्वदेशी, स्वाबलंबन पर कार्यकर्ताओं से चर्चा भी की मजदूर संघ के प्रांतीय अधिकारी धर्मस्वरूप भार्गव ने आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी के माध्यम से ही बनाया जा सकता है। इस पर प्रकाश डाला कार्यक्रम की अध्यक्षता संजय तिवारी ने की अंत में आभार हरीश शर्मा ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में स्वदेशी के कार्यकर्ताओं के साथ में विद्यालय स्टाफ एवं गुना के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।

हनुमान टेकरी मंदिर को मिलेगी नई पहचान, महाकाल लोक की तर्ज पर होगा विकास कार्य

नवभारत न्यूज

गुना। जन-जन की आस्था के केंद्र श्री हनुमान टेकरी मंदिर को अब महाकाल लोक की तर्ज पर सुसज्जित किया जाएगा। इसके लिए तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया की विशेष रुचि और मार्गदर्शन में इस भव्य परियोजना की रूपरेखा तैयार की गई है, जिसके तहत लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत से मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र का संपूर्ण सौंदर्यीकरण किया जाएगा। सांसद सिंधिया स्वयं इस परियोजना की प्रगति पर नजर रखे हुए हैं। वे आर्किटेक्ट्स, जिला प्रशासन और शहर सौंदर्याकरण समिति के साथ लगातार वर्चुअल बैठकें लेकर काम की समीक्षा कर रहे हैं। कई दौर की चर्चाओं और निरीक्षणों के बाद अब संपूर्ण योजना को अंतिम रूप दे दिया गया है। परियोजना के अंतर्गत श्री हनुमान टेकरी मंदिर के चारों ओर लगभग सवा दो किलोमीटर लंबा परिक्रमा मार्ग बनाया जाएगा। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मार्ग में छायादार विश्राम स्थल, प्रसाधन और पेयजल की उत्तम व्यवस्था की जाएगी। पार्किंग स्थल से मुख्य मंदिर द्वार तक पहुंचने के लिए एक अत्याधुनिक 40 सीटर लिफ्ट भी स्थापित की जाएगी, जिससे बुजुर्ग और दिव्यांग भक्तों को विशेष सुविधा मिलेगी। इसके अतिरिक्त मंदिर क्षेत्र में एक विशाल प्रवेश द्वार, आकर्षक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, हनुमान चौक, परिक्रमा चौक, सारथी चौक और प्रसाद शॉप जैसी आधुनिक सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। संपूर्ण क्षेत्र में हरियाली और प्रकाश व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जिससे यह धार्मिक स्थल पर्यटन के दृष्टिकोण से भी आकर्षण का केंद्र बने। मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता में ट्रस्ट के प्रवक्ता राजेश अग्रवाल ने बताया कि श्री हनुमान टेकरी मंदिर ट्रस्ट गुना की ओर से सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया का हृदय से आभार व्यक्त किया गया है।

बमोरी विधानसभा में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान जारी

गुना। आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की प्रक्रिया मध्यप्रदेश में प्रारंभ की गई है। इस अभियान के अंतर्गत 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 25 तक सभी विधानसभा क्षेत्रों में घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन किया जा रहा है। अभियान के दौरान प्रत्येक बूथ लेवल अधिकारी मतदाताओं के निवास पर जाकर उनके नाम, पता, आयु एवं अन्य विवरणों का भौतिक सत्यापन कर रहे हैं। इसी क्रम में विधानसभा बमोरी क्षेत्र में एसआईआर कार्य एवं ईएफ फार्म वितरण का कार्य सतत रूप से जारी है। अभियान की प्रगति का जायजा लेने हेतु सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं तहसीदार देवदत्त गोलिया द्वारा विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बीएलओ को मतदाता सूची के शुद्धिकरण एवं नये पात्र मतदाताओं के नाम जोडने का कार्य गंभीरता एवं पारदर्शिता से करने के निर्देश दिए।

अभियान के अंतर्गत यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी पात्र मतदाता मताधिकार से वंचित न रहे और मतदाता सूची पूर्णत: अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाई जा सके।

एमपी ग्रामीण बैंक में डकैती की साजिश नाकाम, तीन आरोपियों को मौके से दबोचा

नवभारत न्यूज

गुना। जिले के मधुसूदनगढ़ थाना क्षेत्र में पुलिस ने देर रात एक बड़ी वारदात को टालते हुए बैंक डकैती की साजिश नाकाम कर दी। मामला उकवद स्थित मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक का है, जहां कुछ बदमाश छत तोडकर बैंक के अंदर घुस गए थे और तिजोरी वाले कक्ष की दीवार तोडने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान गश्त कर रही पुलिस को सूचना मिली, जिस पर टीम ने तत्काल घेराबंदी कर तीन आरोपियों को मौके से दबोच लिया। थाना प्रभारी संदीप यादव

ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में घनश्याम लोधी निवासी उकवद, समंदर भील और सूरज विश्वकर्मा शामिल हैं। प्राथमिक जांच में सामने आया कि ये आरोपी बैंक की छत से अंदर घुसे और गैलरी के रास्ते तिजोरी के पास पहुंचकर गैस कटर और औजारों की मदद से दीवार तोडने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस के पहुंचने से पहले ही वे वारदात को अंजाम नहीं दे पाए और मौके पर ही पकड़े गए।

थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ जारी है और उनके अन्य साथियों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने मौके से कई संदिग्ध औजार भी जब्त किए हैं। समय रहते की गई इस कार्रवाई से एक बड़ी बैंक डकैती की वारदात टल गई। फिलहाल पुलिस आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच कर रही है।

बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर दो दिवसीय समारोह भव्य रूप से संपन्न

गुना। क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय, गुना में आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में दो दिवसीय समारोह बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, एकता, समर्पण, देशभक्ति तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करना था, जो बिरसा मुंडा के जीवन और आदर्शों से गहराई से जुड़ा हुआ है। प्रथम दिवस (क्रिकेट मैच)= समारोह का शुभारंभ कुलपति प्रो. डॉ. किशन यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर कुल सचिव डॉ. ललित नामदेव, परीक्षा नियंत्रक डॉ. प्रभात चौधरी, डीसीडीसी देवेंद्र कुमार भड़ेरिया तथा विश्वविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कुलपति ने अपने उद्बोधन में बिरसा मुंडा के जीवन, साहस और सामाजिक उत्तरदायित्व को वर्तमान समाज के लिए प्रेरणादायक बताते हुए विद्यार्थियों से उनके मार्ग पर चलने का आवाहन किया। महिला एवं पुरुष वर्ग के मध्य मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं की टीमों ने उत्साह, जोश, अनुशासन और खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। द्वितीय दिवस (रैली एवं भाषण प्रतियोगिता) समापन दिवस की शुरुआत विश्वविद्यालय परिसर से भव्य रैली के साथ हुई, जिसमें कुलपति प्रो. डॉ. किशन यादव, कुल सचिव डॉ. ललित नामदेव, परीक्षा नियंत्रक डॉ. प्रभात चौधरी, डीसीडीसी डॉ. देवेंद्र कुमार भड़ेरिया, समस्त प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने बिरसा मुंडा के जीवन, आदर्शों तथा आदिवासी अधिकारों के प्रति उनके योगदान पर आधारित नारे लगाए। जो मुख्य द्वार से प्रारंभ होकर परिसर के विभिन्न मार्गों से होती हुई सभागार में संपन्न हुई।

कुलपति ने उद्बोधन में कहा कि बिरसा मुंडा का जीवन न्याय, आत्म-सम्मान और सामाजिक एकता की प्रेरणा देता है तथा ऐसे आयोजन युवाओं में देशभक्ति को प्रबल करते हैं। रैली उपरांत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं ने बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष और वर्तमान समाज में उनकी प्रासंगिकता पर प्रभावशाली विचार व्यक्त किए।

दिल्ली ब्लास्ट के बाद गुना में हाई अलर्ट, चलाया सर्चिंग अभियान

गुना। दिल्ली में हुए ब्लास्ट की सूचना के बाद गुना पुलिस सोमवार देर रात से ही अलर्ट मोड पर आ गई। सुरक्षा एजेंसियों से मिले निर्देशों के बाद जिले में पुलिस ने प्रमुख स्थानों पर सघन जांच अभियान चलाया। सीएसपी, यातायात प्रभारी और पुलिस के अन्य वरिष्ठ अधिकारी खुद मैदान में उतरे और शहर के संवेदनशील इलाकों की निगरानी की। रातभर पुलिस टीमों ने शहर के प्रमुख होटलों, लॉज और धर्मशालाओं में ठहरे यात्रियों की जांच-पड़ताल की। इस दौरान होटल रजिस्टरों का निरीक्षण किया गया और संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई। वहीं, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर भी यात्रियों के सामान की चेकिंग की गई। पुलिस ने देर रात तक चलाए गए इस सर्चिंग अभियान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के निर्देश दिए।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में फिलहाल स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है, लेकिन एहतियात के तौर पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई है।

बांसखेड़ी रेल फाटक अंडरपास 15 दिन रहेगा बंद

गुना। शहर के बांसखेड़ी रेल फाटक क्रं. 62 पर बने एल.एच.एस. अंडरपास में लंबे समय से जल जमाव की समस्या बनी हुई है, जिससे आमजन को आवागमन में असुविधा हो रही थी। इस समस्या के स्थायी समाधान हेतु अंडरपास में कांक्रीट कार्य किए जाने का निर्णय लिया गया है। एसडीएम शिवानी पाण्डेय ने बताया हैं कि अंडरपास में जल निकासी सुधार कार्य सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए इसे 12 नवम्बर से 25 नवम्बर 2025 तक (कुल 15 दिवस) के लिए पूर्णत: बंद रखा जाएगा।

जनसुनवाई जनसुनवाई में उमड़ी आमजन की भीड़

विभिन्न समस्याओं को लेकर कलेक्टर से की कार्रवाई की मांग

नवभारत न्यूज

गुना 11 नव. का। जिला मुख्यालय पर मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में बड़ी संख्या में आवेदक पहुंचे और अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर कलेक्टर से कार्रवाई की मांग की। इस दौरान लोगों ने बिजली, सडक, नाली, भूमि कब्जा, पंचायत अनियमितता और सुरक्षा से जुड़ी विभिन्न शिकायतें दर्ज कराईं। कई आवेदक वर्षों से लंबित समस्याओं का समाधान न होने से परेशान नजर आए।

जनसुनवाई में ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी इलाकों तक के लोग पहुंचे, जिन्होंने अपने आवेदन प्रस्तुत करते हुए प्रशासन से शीघ्र सुनवाई और ठोस कार्यवाही की मांग की। कलेक्टर ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इधर जनसुनवाई में महावीरपुरा पिपल की बाड़ी के निवासियों ने आवेदन देकर बंद किए गए आम रास्ते को खुलवाने की मांग की। आवेदकों ने बताया

कि शरीफ खान और बिशन चंदेल द्वारा कालोनी का मुख्य मार्ग बंद कर दिया गया है, जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 18 माह से शिकायतें देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इस मौके पर शिवम, गंगाराम चंदेल, राधा बाई, विक्रम, देवीलाल सहित कालोनीवासी उपस्थित रहे।

महिला ने परिवार पर मकान गिराने का आरोप लगाया

वहीं जनसुनवाई में ही वार्ड क्रमांक 9 बूढ़े बालाजी, हरिपुर रोड निवासी सुनीता कुशवाह पति स्वर्गीय अमरसिंह कुशवाह ने परिवार के सदस्यों पर मकान गिराने और प्रताड़ित करने का गंभीर आरोप लगाते हुए कलेक्टर को आवेदन सौंपा। आवेदिका ने बताया कि उसके पति का निधन 3 जनवरी 25 को हो चुका है, जिसके बाद से परिवारजन लगातार उसे परेशान कर रहे हैं और उसके कच्चे मकान को गिराने की कोशिश कर रहे हैं। महिला ने कहा कि जब वह मकान की मरम्मत या निर्माण कार्य करती है, तो पप्पू, मनोज पुत्र नारायण, रघुवीर और संदीप पाराशर सहित कुछ लोग उसे धमकाते हैं और मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। आवेदिका ने बताया कि वह अब तक तीन बार शिकायत दे चुकी है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उसने कहा कि गरीब विधवा होने के कारण अब अपने छोटे बच्चों के साथ बेहद मुश्किल में जीवन यापन कर रही है। जनसुनवाई में उसने प्रशासन से निवेदन किया कि उसकी शिकायत की जांच कर न्याय दिलाया जाए और परिवारजनों द्वारा मकान गिराने की कोशिशों पर रोक लगाई जाए।

महिला सरपंच ने पंचायत सचिव पर मनमाने ढंग से राशि निकालने का आरोप लगाया

कुछ ऐसा ही मामला ग्राम पंचायत केकड ?खुर्द, तहसील कुंभराज में सामने आया है। यहां की महिला सरपंच प्रेमबाई चिड़ार ने पंचायत सचिव रमेश बाबू मीना पर गंभीर आरोप लगाते हुए कलेक्टर को आवेदन सौंपा। आवेदिका ने बताया कि सचिव पंचायत के कार्यों में पारदर्शिता नहीं रख रहा है और बिना किसी वास्तविक कार्य के राशि निकाल रहा है। सरपंच ने कहा कि सचिव के पास पंचायत का डीएससी (डिजिटल सिग्नेचर) है, जिससे वह स्वयं ही बिल बनाकर 15 कार्यों की राशि निकाल चुका है, जबकि मौके पर कोई भी निर्माण कार्य नहीं किया गया है। जब इस संबंध में सरपंच ने जानकारी मांगी तो सचिव ने अभद्र भाषा में बात करते हुए धमकी दी और कहा कि जहां शिकायत करनी हो कर लो। आवेदिका ने प्रशासन से मांग की कि पंचायत के सभी कार्यों की जांच कराई जाए और दोषी सचिव के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि ग्राम पंचायत की निधि का दुरुपयोग न हो सके।

विस्थापित ग्रामीणों ने चरनोई भूमि पर कब्जे की शिकायत की, प्रशासन से संरक्षण की मांग

इस दौरान ग्राम नयागांव, माना, हरिगढ़ कटारिया और ढाह के विस्थापित ग्रामीणों ने कलेक्टर को आवेदन सौंपकर अपनी चरनोई भूमि पर बाहरी लोगों द्वारा कब्जे की कोशिशों की शिकायत की। आवेदकों ने बताया कि वर्ष 1989 में गोपीकृष्ण सागर बांध की डूब में आने के बाद उन्हें बजरंगगढ़ क्षेत्र में विस्थापित किया गया था, जहां प्रत्येक परिवार को 50×90 का भूखंड दिया गया था। ग्रामीणों ने बताया कि शेष बची भूमि को प्रशासन ने चरनोई उपयोग के लिए छोड़ा था, जिस पर वे पिछले 35 वर्षों से मवेशी चराने और भूसा रखने का कार्य कर रहे हैं। लेकिन अब कुछ बाहरी व्यक्ति पटवारी की मिलीभगत से इस भूमि पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस भूमि को उनके उपयोग में ही रहने दिया जाए और जबरन कब्जे की कोशिश करने वालों पर रोक लगाई जाए। आवेदन में अर्जुनसिंह लोधा, गोपाललाल लोधा, माखन केवट, धारा सिंह केवट, मुकेश, विजय, दुलारी सहित अनेक ग्रामीण शामिल हैं।

ग्राम पिपरोदा खुर्द के ग्रामीणों ने आम रास्ते से कब्जा हटाने की मांग कीजनसुनवाई में ग्राम पिपरोदा खुर्द के ग्रामीणों ने कलेक्टर को आवेदन सौंपकर शासकीय आम रास्ते से कब्जा हटवाने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि गांव का यह मुख्य मार्ग वर्षों से लोगों के आवागमन का जरिया था, लेकिन हाल ही में अखिलेश जैन कॉलोनी नाईजर नामक व्यक्ति ने उस रास्ते पर कब्जा कर बाउंड्री वॉल बना ली है, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है। ग्रामीणों ने कहा कि रास्ता बंद होने से ट्रैक्टर, बैलगाड़ी और मवेशियों को ले जाना बेहद मुश्किल हो गया है। यह रास्ता गांव के गरीब किसानों के लिए जीवन रेखा था, जिनका गुजर-बसर खेती पर निर्भर है। उन्होंने प्रशासन से निवेदन किया कि उक्त मार्ग को तत्काल कब्जा मुक्त कराया जाए.

मानसरोवर कॉम्प्लेक्स के दुकानदारों ने की अलग-अलग बिजली कनेक्शन की मांग

जनसुनवाई में मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, अनुराधा स्ट्रीट सदर बाजार के दुकानदार बड़ी संख्या में पहुंचे और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अलग-अलग बिजली कनेक्शन की मांग की। दुकानदारों ने बताया कि वे बीते चार से पांच वर्षों से इस कॉम्प्लेक्स में व्यापार कर रहे हैं, लेकिन अब तक किसी को भी पृथक (अलग) विद्युत कनेक्शन नहीं दिया गया है। दुकानदारों ने बताया कि कॉम्प्लेक्स मालिक द्वारा उन्हें यह कहकर अस्थायी बिजली कनेक्शन दिया गया था कि कुछ ही महीनों में डीपी (डिस्ट्रिब्यूशन पैनल) लग जाएगी और सभी को स्थायी कनेक्शन प्रदान कर दिए जाएंगे, परंतु आज तक डीपी नहीं लगाई गई। परिणामस्वरूप पूरे कॉम्प्लेक्स में बिजली का अत्यधिक लोड होने से बार-बार मीटर जल जाते हैं, जिससे दुकानदारों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। आवेदकों ने बताया कि एमपीईबी (मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी) से शिकायत करने पर अधिकारी इसे कॉम्प्लेक्स मालिक की जिम्मेदारी बताते हैं, जबकि मालिक इस पर कार्रवाई के लिए विभाग को दोषी ठहराते हैं। इस खींचतान में दुकानदारों को नुकसान झेलना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि बिजली ओवरलोड का चार्ज हर तीन माह में लगाया जाता है, जिससे प्रत्येक दुकान को पांच हजार रुपये तक अतिरिक्त भुगतान करना पड़ता है। दुकानदारों ने कलेक्टर से निवेदन किया कि शीघ्र डीपी लगाकर प्रत्येक दुकान को अलग-अलग बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराया जाए, ताकि वे अपने व्यवसाय को सुचारू रूप से चला सकें। उन्होंने कहा कि वर्तमान स्थिति में कई दुकानदारों पर लोन का भार है और लगातार हो रहे नुकसान के कारण वे आर्थिक संकट में हैं।